# खाद्य सुरक्षा टीम ने तीस किलो पनीर नष्ट किया

**कोटा,** (निसं)। प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिलावट के खिलाफ अभियान के तहत अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह के मार्गदर्शन में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण इकबाल खान एवं अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा एवं जिला कलेक्टर डॉ.रवींद्र गौस्वामी के निर्देशन में मिलावटखोरी रोकने के लिए विभिन्न खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए जा रहे है।

अभिहित अधिकारी एंव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जगदीश सोनी ने बताया कि मंगलवार को प्रात: 8.30 बजे बाहर से लाए जा रहे पनीर की निगरानी की, इस दौरान बारां से आने वाली बस से पनीर उतार कर ऑटो द्वारा गुमानपुरा पुलिया के नीचे उतारा गया। जहां खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा लगातार पीछा कर पनीर को पकड़ा गया, मौके पर पनीर विक्रेता भगतसिंह ने बताया कि वह बांरा में पनीर बनाकर कोटा में सप्लाई करता है, उसने बताया कि वह बाजार में इसे 200 रुपयें प्रति किलो के भाव से सप्लाई करता है।



कोटा में खाद्य सुरक्षा की टीम ने पनीर नष्ट किया।

साथ ही पनीर में फैट कम होने की बात विक्रेता द्वारा स्वयं स्वीकार करने पर 30 किलो पनीर को नष्ट करते हुए एक नमूना लिया गया। तत्पश्चात दिन में आहलूवालिया माल स्थित बारबिक्यू नेशन एंव डोसा फूड कोर्ट का निरिक्षण किया गया, लगातार कार्यवाहियों के चलते विक्रेताओं में जागरूकता देखने को मिली। यहां पर स्थित बारबिक्यू नेशन से घी व सास तथा डोसा फूड कोर्ट से दही का नमूना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत लिया गया। इस प्रकार 3 संस्थानों का निरीक्षण कर कुल 4 नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अन्तर्गत लिए। लिए गए नमूनो को खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला कोटा में भेजा गया। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियम अनुसार विधिक कार्यवाही की जावेगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, चंद्रवीर सिंह जादौन, नितेश गौतम मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया



**रामगंजमंडी** (निसं)। मोडक सर्वोदय विहार लेडिस क्लब ने मंगलवार को बड़े ही धूमधाम से तीज महोत्सव मनाया। क्लब की पीआर.ओ. स्नेहा पालीवाल ने बताया की दो ग्रुप (सीनियर व जूनियर) में हरियाली व्रवीन प्रतियोगिता आयोजित की गयी। सीनियर ग्रुप की विजेता पूनम शर्मा एवं जूनियर ग्रुप की विजेता प्रियंका अहीर रही। सरप्राइज प्रश्न भी पूछे गए जिसमें भावना जैन ज्योति शेखावत सरस्वती रजनी मांडीवाल सुनीता मिश्रा एवं अनीता गुलाटी विजेता रहे। तीज उत्सव पर विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसका संचालन सांस्कृतिक सचिव अनीता राव एवं सीमा शर्मा द्वारा किया गया। क्लब की अध्यक्षा विभा सचान एवं संयुक्त अध्यक्षा शशि मंडोत ने सभी को तीज की शुभकामनाएं दी एवं उपहार वितरित किये। क्लब सचिव चंचल मेहरा ने मंथली रिपोर्ट पढ़ी एवं सभी को कार्यक्रम सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

### सूने मकान व दुकान में चोरी

**रामगंजमंडी** (निसं)। जुल्मी में सोमवार को रात साढ़े दस बजे चोरों ने एक सूने मकान व दुकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया।व्यापारी सीतेश गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता निवासी जुल्मी ने पुलिस थाना सुकेत में घटना की रिपोर्ट दे दी है।जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ कर दिया। गुप्ता के अनुसार वह परिवार सहित जुल्मी से सुकेत रोड़ पर स्थित स्वयं के खेत पर किराने की दुकान चलाते हैं तथा वहीं पर निवास करते हैं।सोमवार को चारभुजा मंदिर झालर बावड़ी रावतभाटा में अपनी बड़ी बहन के परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में परिवार सहित गये हुए थे।रात साढ़े दस बजे के लगभग चोरों ने सूने मकान व दुकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया,चोर दुकान के गल्ले में रखे पन्द्रह रूपये नगदी, गोदरेज आलमारी में रखे पचास हजार रुपए की नगदी, चांदी की चार जोड़ी पायजेब, चांदी की छह जोड़ी बिछिया, बच्चे के हाथ के कड़े,बेटी की नाक की सोने की बाली, एक सोने का कान का झुमका,दो फार्चुन तेल की पांच लीटर की केन,दो किलो बादाम, एक बर्थडे केक लेकर गये।उक्त घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई,हांलांकि चोर ने अपना चेहरा छुपाने का भरपूर प्रयास किया।पुलिस सूत्रों के अनुसार फरियादी की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

### पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**झालावाड़** (निसं)। झालावाड़ जिले के नेहरावद खनन क्षेत्र में मंगलवार को महावली स्टोन इंडस्ट्रीज की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न प्रजातियों के कई पौधे रोपे गये। पौधारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खानपुर विधायक सुरेश गुर्जर एवं खनिज अभियंता देवीलाल बंशीवाल रहे व विशिष्ठ अतिथि जिला वक्फ बोर्ड चेयरमेन रमजान खान रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता महावली स्टोन इंडस्ट्रीज के मालिक मुजीब खान ने की। इस दौरान लाइम स्टोन व्यवसायी एवं महावली स्टोन इंडस्ट्रीज के ऑनर मुजीब खान ने बताया कि सरकार की ओर से चलाई जा रही "एक पेड़ माँ के नाम" योजना के अन्तर्गत पौधारोपण के तहत खनन क्षेत्र नेहरावद में कई औषधीय पौधे सहित विभिन प्रजातियों के 600 पौधो का पौधारोपण किया गया तथा इनकी सुरक्षा तथा बड़े होने तक की जिम्मेदारी भी ली गई। कार्यक्रम में सुरेन्द्र सिंह, सक्सेना बाफना, कालूराम फोरमेन, सुभाष बैरवा, शाहरूख खान, सेफखान, अमजद खान, आरिफ खान, फैजल खान, विजय सिंह सहित खनन क्षेत्र से जुड़े व्यापारी उपस्थित रहे और सभी ने पौधारोपण किया।

### एनीमिया नियंत्रण की दवाई दी

**रामगंजमंडी** (निसं)। एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत मंगलवार को आंगनबाड़ी स्वास्थ्य केन्द्रों स्कूल में शक्ति दिवस आयोजित हुआ। लक्षित बच्चे, किशोर-किशोरी, धात्री माताएं, गर्भवती व प्रजनन उम्र की लाभार्थी महिलाओं की एनीमिया स्क्रीनिंग की गई। साथ ही हीमोग्लोबिन की जांच कर आईएफए (आयरन फोलिक एसिड) दवाई का नि:शुल्क वितरण किया। एनीमिया रोग के लक्षण, बचाव, उपचार की जानकारी दी। पौटिष्क, आयरनयुक्त फल-सब्जी, संतुलित आहार लेने की हिदायत दी। छोटे बच्चों को मौके पर ही आएएफए की सिरप पिलाई गई। सीएमएचओ डॉ जगदीश कुमार सोनी ने बताया कि आईएफए दवाई की खुराक लेने से शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी पूर्ती होती है। जिससे एनीमिया के संभावित खतरों से बचाव होता है। साप्ताहिक रूप से हर मंगलवार को शक्ति दिवस मना रहे हैं।

### अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश

**नैनवां** (निसं)। जिला प्रभारी सचिव ने इस दौरान नैनवां में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक लेकर बारिश से उत्पन्न होने वाली समस्या से निपटने के लिए की गई तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर बचाव एवं राहत कार्यों के सभी इंतजाम रखें और पूरी तरह सतर्क रहे। उन्होंने कहा कि बांधों एवं अन्य स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में कट्टों का इंतजाम रखें। साथ ही भोजन एवं ठहराव के लिए भी स्थानों चिन्हित रखें, ताकि जरूरत पडने पर आमजन को किसी भी तरह की समस्या नहीं हो। उन्होंने निर्देश दिए अधिकारी ग्राम पंचायतों के सरपंचों से भी निरंतर संपर्क बनाएं रखें, ताकि आपात स्थिति होने पर तुरंत राहत पहुंचाई जा सके। निरीक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी हिंडोली नैनवां विनोद कुमार मीणा, तहसीलदार नैनवां रामराय मीणा एवं विकास अधिकारी ग्यारसीलाल मीणा साथ रहे।

# चम्बल रिवर फ्रंट पर भारत माता की विभाजन की वेदना का मार्मिक चित्रण

**कोटा,** (निसं)। चम्बल रिवर फ्रन्ट पर आयोजित एक विशेष चित्र प्रदर्शनी में भारत के विभाजन की पीड़ा को मार्मिक ढंग से चित्रित किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि संदीप शर्मा विधायक, कोटा दक्षिण और कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल ने की।

प्रदर्शनी में विभाजन के समय की ऐतिहासिक तस्वीरें और चित्रों के माध्यम से देशवासियों को उस काले अध्याय की याद दिलाई गई। इन चित्रों ने दर्शकों को भावुक कर दिया और उन्हें देश के एकीकरण के महत्व को समझने में मदद की। मुख्य अतिथि संदीप शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, कि केन्द्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय कोटा द्वारा आयोजित यह चित्र प्रदर्शनी हमें देश के विभाजन की पीड़ा को कभी नहीं भूलने का संदेश देती है। हमें एकजुट रहकर देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाना है। जिला समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना रीना मीण ने कहा कि आज हम जो सुख-शांति का जीवन जी रहे हैं, वह हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का फल है। हमें उनके बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए और देश की सेवा में अपना योगदान देना चाहिऐं। सर्वोदया कालेज व स्कूल रानपुर के प्राचार्या गिरिश ने युवाओं से आव्हान किया कि वे राष्ट्रहित में कार्य करें और देश के विकास में अपना योगदान दें। कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों को भारत सरकार के पंजीकृत अमित चक्री नृत्य समूह द्वारा मनमोहन प्रस्तुति दी गई। चित्र प्रदर्शनी उद्देश्य विभाजन की पीड़ा को याद रखना और युवा पीढ़ी को देश की एकता और अखंडता के महत्व को समझाना। स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करना और उन्हें श्रद्धांजलि देना। देश के विकास में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करना। केन्द्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय कोटा, भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की यह प्रदर्शनी देशभक्ति की भावना को जागृत करने और राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



कोटा रिवर फ्रंट पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

### सेमिनार सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। कोटा में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 का सदस्यता सेमिनार संपन्न हुआ। जिसमें प्रांत के विभिन्न रोटरी क्लबों से 200 से अधिक रोटेरियन्स शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ प्रांतपाल राखी गुप्ता, आई.पी.डी.जी. डॉ. निर्मल कुनावत, पी.डी.जी. प्रद्युम्न कुमार पटानी ने किया।

सरस्वती वंदना रोटरी क्लब कोटा साउथ के सदस्य डॉ. ऋषिका दुबे, साक्षी मालवीय, दीपा खंडेलवाल, वृत्ति वर्मा ने की। सेमिनार के सचिव ओम प्रकाश साहनी ने बताया की सेमिनार के चेयरमैन दीपक राज दुबे ने स्वागत भाषण से सबका स्वागत किया और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। सेमिनार को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. राखी गुप्ता ने डिस्ट्रिक्ट मेंबरशिप चेयरमैन आईपीडीजी डॉ. निर्मल कुनावत और पीडीजी प्रद्युम्न पाटनी ने सम्बोधित किया।

# एनआईटी में पहले सेमेस्टर की पढ़ाई 16 अगस्त से दो सितम्बर के मध्य

**कोटा,** (निसं)। देश के एनआईटी ट्रिपलआईटी की सीएसएबी काउंसलिंग के अंतिम राउंड सीट आवंटन के पश्चात अब विद्यार्थी अपने आवंटित एनआईटी ट्रिपलआईटी में प्रवेश के लिए फाइनल प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करते दिखाई दे रहे हैं। इस वर्ष आईआईटी में तो पहले सेमेस्टर की पढ़ाई पूर्व में ही प्रारम्भ हो चुकी है और अब एनआईटी ट्रिपलआईटी की भी पढाई शुरू होने जा रही है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के एजुकेशन एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि ज्यादतर एनआईटी एवं ट्रिपलआईटी की पहले सेमेस्टर की ऑफलाईन क्लासेस 16 अगस्त से 2 सितम्बर के मध्य प्रारंभ होने वाली है। ऐसे में स्टूडेंट्स की मिली एनआईटी एवं ट्रिपलआईटी की वेबसाइट पर जाकर ही अपनी क्लासेज की पूर्ण जानकारी प्राप्त करनी होगी साथ ही स्टूडेंट्स को सीएसएबी काउंसलिंग के अंतिम राउंड में आवंटित कॉलेज की वेबसाइट पर जाकर ही अपनी कॉलेज की फाईनल प्रवेश प्रिक्रिया की समस्त जानकारी प्राप्त करनी होगी क्योंकि प्रत्येक एनआईटी ट्रिपलआईटी की अपनी अलग-अलग प्रवेश औपचारिकताये है। बहुत से एनआईटी ने अपनी वेबसाइट पर एडमिशन लिंक दे दिए गए है जिन पर जाकर स्टूडेंट्स को रजिस्ट्रेशन कर सेष फीस का भुगतान करना होगा। स्टूडेंट्स को फिजिकल रिपोर्टिंग कर फाइनल प्रवेश प्रक्रिया ना करने पर स्टूडेंट्स की आवंटित सीट स्वत: निरस्त कर दी जाएगी। विद्यार्थियों की जोसा एवं सीएसएबी काउंसलिंग के दौरान जमा कराई गई सीट असेप्टेंस फीस ,आंशिक प्रवेश फीस एवं इंस्टिट्यूट एडमिशन फीस आवंटित कॉलेजों की फीस में समायोजित कर दी जाएगी। एक्सपर्ट आहूजा ने बताया की यदि स्टूडेंट्स दूसरे राउण्ड सीट आवंटन में मिली हुई सीट को छोड़ता है तो उसे किसी भी फीस का रिफण्ड नहीं होगा। ऐसे स्टूडेंट्स जिन्होंने जोसा में अपनी सीट विड्रॉअल या केन्सिल करवाकर सीएसएबी में भाग लिया अब इन स्टूडेंट्स को यदि किसी भी सीट का आवंटन नहीं हुआ है, तो उन्हें 5000 रूपए शुल्क काटकर शेष फीस लौटा दी जाएगी। इसके अतिरिक्त ऐसे स्टूडेंट्स जिन्होनें जोसा काउंसलिंग के बाद सीएसएबी के प्रथम राउंड में आवंटित सीट को सरेंडर किया और अब उन्हें किसी भी सीट का आवंटन नहीं हुआ तो इन्हे 10 हजार रूपए शुल्क काटकर शेष फीस लौटा दी जाएगी।

# तिरंगा यात्रा के जरिए देशभक्ति का जज्बा दिखा

**कोटा,** (निसं)। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में मेडिकल कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड रंगबाड़ी से तलवंडी सर्किल तक अजय खजोतिया और नीरज राठौर के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा को प्रदेश कांग्रेस के सदस्य क्रांति तिवारी ने तिरंगा लहराकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया।

तिरंगा यात्रा में आगे बड़े विशाल डीजे पर देश-भक्ति के गाने चल रहे थे। तिवारी तिरंगा यात्रा में आगे-आगे मोटरसाईकिल पर बड़ा तिरंगा लेकर चल रहे थे। तिरंगा यात्रा में सैकड़ो की तादाद में देशभक्ति से लबरेज युवा साथी अपने हाथों में तिरंगा लेकर अपने वाहनों पर चल रहे थे और भारत माता की जय आदि नारों से तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के जोश में लबरेज होकर जयघोष कर रहे थे। तिरंगा यात्रा में युवाओं का जोश देखने ही बन रहा था। युवा अपनी मोटरसाईकिल व कारों और अन्य वाहनों से चल रहे थे।

तिरंगा यात्रा का पूरे मार्ग में लोगों ने जगह-जगह जोरदार स्वागत किया। तिरंगा यात्रा में शामिल देशभक्त युवाओं पर लोगों ने जोरदार पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। लोगों ने तिरंगायात्रियों के लिए पीने के साफ पानी की व्यवस्थ की। तिरंगा यात्रा को देखकर हर कोई बहुत आनंदित और देशभक्ति से सराबोर हो रहा था। लोगों ने भारत माता की जय, जय हिन्द आदि नारे लगाकर तिरंगा यात्रा में सम्मिलित सैकड़ो युवाओं का जोश बढ़ाया। तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से रिंकु गुर्जर, नीरज राठौर आदित्य गुर्जर, अशोक मेघवाल, उदय भान सिंह सहित युवा सम्मिलित हुए।



कोटा में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में तिरंगा यात्रा निकाली।

# कोटा में 'देशभक्ति के रंग फ़ैशन के संग' कार्यक्रम आयोजित

**कोटा,** (निसं)। अगस्त का महीना देशभक्ति का महीना माना जाता है। इस महीने मैं हर भारतीय देशभक्ति के रंग से सराबोर रहता है। यह महीना भारत की आज़ादी का है स्वतन्त्रता दिवस मनाने का है। इस साल 15 अगस्त को देश 78वां स्वतन्त्रता दिवस मनाने जा रहा है।

इसी कड़ी में कुटुर इंस्टीट्यूट ऑफ फ़ैशन टेक्नोलॉजी संस्थान द्वारा मंगलवार को कार्यक्रम 'देशभक्ति के रंग फ़ैशन के संग' आयोजित किया गया जिसके अंतर्गत संस्था के विद्यार्थियों नूर उल कमर, मनीषा धाकड़, रोशनी अंसारी, नुरेन निशा, ईशिता मित्तल, मोहम्मद रेहान और भावना शाक्यवार ने तिरंगे के तीन रंगों को अपनी थीम बनाकर ड्रेसेस तैयार किए जिन्हें पहनकर कोई भी देशभक्ति के रंग मैं डूबा हुआ दिख सकता है स विध्यार्थियों ने ट्राई कलर सुट, पाजामा कुर्ता, फ्रॉक ओर स्कर्ट टॉप तैयात किए जिन्हें विद्यार्थियों एवं नन्ही बालिका अशमी ने पहनकर प्रस्तुत किया।

तीन रंगों का संयोजन बहुत ही आकर्षक था यह कलेक्शन कम्फ़र्टेबल होने के साथ पारंपरिक लूक भी दे रहा था जिसमें संस्था के विद्यार्थियों ने फ़ैब्रिक पेंटिंग से दुपट्टा तैयार किया जो कि देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत था। वंदे मातरम गीत को दुपट्टे पर लिखा गया था और गाकर भी प्रस्तुत किया गया।

संस्था की निदेशक पुजा राजवंशी ने बताया कि कार्यक्रम में वृक्षरोपण भी किया गया हर विद्यार्थी ने एक पेड़ भारत माँ के नाम, एक पेड़ भारत माँ के शहीदों के नाम ओर एक पेड़ अपनी माँ के नाम से लगाया। इस प्रकार की भावना सभी युवाओं मैं होनी चाहिए। संस्था द्वारा फ़ैशन के माध्यम से इस प्रकार के संदेश हेतु सदैव कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं।



कोटा में कुतुर फैशन इंस्टीट्यूट के द्वारा फैशन के जरिए स्वतंत्रता के रंग दिखाए गए।

## सार-समाचार

### प्रभारी सचिव ने क्षेत्र का दौरा किया

**बूंदी** (निसं)। मौसम विभाग की ओर से बूंदी जिले में 13 अगस्त के लिए जारी की गई भारी बारिश की चेतावनी के बाद बूंदी जिला प्रभारी सचिव कुंजीलाल मीणा ने मंगलवार को नैनवां उपखण्ड में विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। जिला प्रभारी सचिव ने नैनवां कस्बे में उनियारा रोड, नगर पालिका देई तथा पाइबालापुरा बांध पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने बारिश के दौरान जलभराव वाले क्षेत्रों का अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी तैयारी पूरी रखी जाए। जिला प्रभारी सचिव ने इस दौरान नैनवां में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक लेकर बारिश से उत्पन्न होने वाली समस्या से निपटने के लिए की गई तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर बचाव एवं राहत कार्यों के सभी इंतजाम रखें और पूरी तरह सतर्क रहे। उन्होंने कहा कि बांधों एवं अन्य स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में कट्टों का इंतजाम रखें। साथ ही भोजन एवं ठहराव के लिए भी स्थानों चिन्हित रखें, ताकि जरूरत पडने पर आमजन को किसी भी तरह की समस्या नहीं हो। उन्होंने निर्देश दिए अधिकारी ग्राम पंचायतों के सरपंचों से भी निरंतर संपर्क बनाए रखें, ताकि आपात स्थिति होने पर तुरंत राहत पहुंचाई जा सके। निरीक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी नैनवां विनोद कुमार मीणा, तहसीलदार नैनवां रामराय मीणा एवं विकास अधिकारी ग्यारसी लाल मीणा साथ रहे।

### जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय

**छबड़ा** (निसं)। नागर धाकड़ समाज की एक बैठक नागर धर्मशाला में मंगलवार को संपन्न हुई। जिसमें धाकड समाज के आराध्या देव श्री धरणीधर भगवान का जन्मोत्सव 24 अगस्त को हर्ष उल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में आयोजन समिति के अध्यक्ष पद पर सत्यनारायण मालव कडैयानोहर, श्याम नागर, सुरेश मेहता भटखेड़ी को जिम्मेदारियां सौपी गई। धाकड विकास समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश मालव ने बताया कि बैठक में धरणीधर जन्मोत्सव पर श्री धरणीधर भगवान की शोभा यात्रा निकालने की सहमति बनाई गई और समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पधारने का निवेदन किया। मीडिया प्रभारी कल्पित नागर ने बताया कि शोभायात्रा में छबड़ा नगर में स्वागत द्वार, झांकियां, हाथी ऊंट, घुड़सवार, महिला संगीत, कलश यात्रा, आतिशबाजी सहित अन्य कार्यक्रमों को सम्मिलित किए जाने पर विचार किया गया। आगामी बैठक रविवार दोपहर दो बजे नागर धाकड़ धर्मशाला में रखी जाएगी। बैठक में प्रधान हरिओम नागर, बनवारी मेहता, मोहन चावलखेड़ी, दिनेश मालव, दीपक मेहता, रामप्रसाद मूडला, ओमप्रकाश अध्यापक, मनोज अध्यापक, भगवान खेजडा, हरिओम खोपर, ऋषभ निपानिया, बृजेश खोपर, ओमप्रकाश नागर, रामस्वरूप नागर, कपिल कोटड़ी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

### चार दिवसीय तिरंगा मेला शुरू

**बूंदी** (निसं)। हर घर तिरंगा अभियान के तहत खेल संकुल बूंदी में राजीविका स्वयं सहायता समूह व आरसेटी द्वारा तैयार किए उत्पादों की बिक्री के लिए लगाए गए चार दिवसीय तिरंगा मेला के दूसरे दिन घर में बने शुद्ध खाद्य पदार्थों सहित घरेलू सामानों की खरीदारी में लोगों का रुझान देखा गया। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जगजीवन ने बताया कि मेले में हिंडोली, तालेडा, बून्दी, नैनवां एवं केशवरायपाटन के ग्रामीण क्षेत्र में संचालित राजीविका स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के उत्पादों की बिक्री की जा रही है। उन्होंने बताया कि मेले में शुद्ध खाद्य मसाले, तेल, लकडी के खिलौने, नहाने के साबुन, वाशिंग पाउडर, पापड़, अचार, राखी, झाडू, फिनाईल, वाइपर पौछा, मिट्टी के खिलौने ,पौधो के लिए वर्मीकम्पोस्ट, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, फेसपैक, बाजरा के लड्डू, चाय पत्ती, अगरबत्ती, लाख की चूड़िया, बच्चो के कपडे, जूट बैग, चप्पल आदि उचित दरों पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि मेले में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को उचित दर पर बैचा जा रहा है जिससे उनका क्षमतावर्धन के साथ ही आजीविका संवर्धन होगा।

### आज विविध कार्यक्रम होंगे

**बूंदी** (निसं)। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन की ओर से राजस्थानी लोक कलाकारों ने मंगलवार को रानी जी की बावडी में नृत्यों से लोगो का मन मोह लिया। बाडमेर से आये कलाकारों ने धरती धोरा री घुमर व निम्बूडा निम्बूडा पर नृत्य किये। कलाकारों ने आओनी पधारो म्हारे देश लोकगीत से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। पर्यटन अधिकारी प्रेमशंकर सैनी ने बताया कि अभियान के तहत 14 अगस्त को सुबह 9 बजे हायर सेकंडरी स्कूल में कालबेलिया लोकनृत्य व कच्छी घोडी, 10 बजे नागर सागर कुंड पर शहनाई वादन व राजस्थानी लोकनृत्य , दोपहर 2 बजे रानीजी की बावडी पर सहरिया, चकरी व राजस्थान लोक गायन होगा। उन्होंने बताया कि शाम 5 बजे खेल संकुल में कच्छी घोडी नृत्य, शाम 5 बजे नवल सागर में सहरिया, चकरी व राजस्थानी लोक गायन, शाम 7 बजे पुलिस ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा अन्य प्रस्तुतियों में सुबह 10 बजे सुखमहल में मशक वादन एवं दोपहर 12 बजे 84 खम्भों की छतरी में कच्ची घोडी व बैल नृत्य कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

### माँ भारती में कैरियर काउन्सलिंग प्रोग्राम



**कोटा,** (निसं)। माँ भारती में रोटरी क्लब के तत्वाधान में कैरियर काउन्सलिंग प्रोग्राम का आयोजन हुआ। इसके अंतर्गत स्कूल डायरेक्टर उर्वशी विजय ने रोटरी क्लब के प्रतिनिधि राहुल सर और विपुल सर को बुके देकर स्वागत किया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को फाइनेंसियल लिटरेसी प्लानिंग के बारे में बताया और छात्रों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इसी दौरान उन्होंने बजट योजना के अंतर्गत मनी इन्वेस्टमेंट करने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। इसी के तहत हैप्पी, हेल्दी, लॉन्ग के विषय में कैरियर काउन्सलिंग की ताकि विद्यार्थी अपना भविष्य सही दिशा में निर्माण कर सकें। अंत में स्कूल प्रिंसिपल मोनिका मलिक ने सभी आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### आयुर्वेद चिकित्सालय में ध्वजारोहण किया

**बूंदी** (निसं)। हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को बालचंद पाड़ा स्थित राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में चिकित्सालय प्रभारी डॉ सुनील कुशवाह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। आमजन से स्वतंत्रता के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज को हर घर पर फहराने की अपील की। इस अवसर पर डॉ पारूल सोनी, डॉ विजेंद्र कुमार मीणा, वरिष्ठ कंपाउंडर रामप्रकाश वर्मा, संजय शर्मा, लोकेश कुमार जैन, शबनम परवीन, जाकिर हुसैन, पार्षद गोलू नायक, पूर्व तहसीलदार देवेन्द्र कुमार शर्मा, भवरसिंह टेलर समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। डॉ. सुनील कुशवाहा ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के आयोजनों की श्रृंखला में कल 14 अगस्त को सुबह 7 बजे खेल संकुल में योग फोर निरोगी बूंदी अभियान के आयोजन स्थल पर ध्वजारोहण किया जायेगा। योग फोर निरोगी बूंदी महाभियान के समन्वयक डॉ सुनील कुशवाह ने बताया कि इस अवसर पर उपखंड अधिकारी दीपक मित्तल, पुलिस उपाधीक्षक अमरसिंह राठौड, खेल अधिकारी वाई बी सिंह सहित योग साधक भी मौजूद रहेंगे।

### बगीचा नवमी उत्सव आज

**बूंदी** (निसं)। बगीचा नवमी उत्सव पर बुधवार को शाम 4:30 बजे वल्लभ संप्रदाय की प्रथम पीठ गोपाल लाल जी मंदिर पर भजन कीर्तन के बीच गोपाल जी महाराज झूले में विराजमान होंगे। यहां मनाए जाने वाले बगीचा नवमी उत्सव में न केवन स्थानीय श्रद्धालु अपितु देशी विदेशी विदेशी सैलानी भी उत्सव का आनंद लेते हैं। इस अवसर पर पुजारी पंडित मधुसूदन शर्मा श्री गोपाल लाल जी को गर्भ ग्रह से मंदिर परिसर स्थित बगीचे में लाकर उनको नए वस्त्र धारण करवा कर, श्रृंगार करके, झूले में विराजमान करेंगे और भगवान सभी श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों को दर्शन देंगे।

### सांसद ने जनसुनवाई की

**छीपाबड़ौद** (निसं)। छीपाबड़ोद के विभिन्न ग्रामीण इलाकों मंगलवार को सांसद दुष्यंत सिंह ने जनसुनवाई की ओर समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। गोरधनपुरा,नागनी, बरडावदा,काल्पा जागीर,सारथल, कलमोदिया, सेकड,नारेडा,दीगोद जागीर ओर हरनावदा शाहजी मे जनता के अभाव अभियोग सुने। इस दौरान विधायक अनुज महाराजसिह सिंघवी, अंता विधायक कंवरलाल मीणा समेत सैकड़ों भाजपाई मौजूद रहे।